# जब तक कूड़े को कूड़े की नज़रिये से देखा जाएगा तबतक उसकी कोई क़ीमत नही है :नगर आयुक्त






**युवा हस्ताक्षर ब्यूरो**

**शाहजहाँपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत चल रहें कार्यक्रमों की श्रंखला में लखनऊ में आयोजित ''सर्कुलर इकोनॉमी इन वेस्ट मैनजमेंट'' के पैनल डिस्कशन कार्यक्रम में नगर आयुक्त, संतोष कुमार शर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया। पैनल में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा कचरा प्रबंधन के द्वारा सर्कुलर इकोनॉमी के मॉडल के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि जबतक कूड़े को कूड़े के नजरिये से देखा जायेगा, तब तक उसकी कोई कीमत नही है किन्तु जब उसे पुनचर्कण सामग्री के तौर पर देखा जाता है तो उसकी कीमत बढ़ जाती है। नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम, में चल रहें समुदाय आधारित विकेन्द्रीकृत कूड़ा प्रबंधन के बारे में बताया गया कि इस प्रोजेक्ट के तहत मोहल्ला समितियों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य कराया जा रहा है। इससे जहॉ निगम के वित्तीय बोझ में कमी आई है, वहीं अपशिष्ट के उपचार के उपरान्त पुनचर्कण से आय की प्राप्ति भी हो रही है। नगर में बने एमआरएफ सेन्टर के बारे में बताते हुये कहा कि इससे जहॉ इन्फार्मल वर्कर्स के लिये रोजगार का सृजन हुआ है, वहीं निकाय की आय में वृद्धि होने के साथ देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में भी सहयोग मिलता है। पैनल डिसकशन में नगर आयुक्त संतोष कुमार षर्मा के अतिरिक्त नगर आयुक्त सूरत, प्रमुख सचिव उड़ीसा, मेम्बर्स सेक्रेट्री केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड, निदेशक सी०ई०ओ०, प्रमुख निदेशक, ग्लोबल हेड ने भी सर्कुलर इकोनॉमी के बारे में अपनी राय रखी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब पर हुआ, जिसे देशभर के लाखों लोगों के द्वारा देखा व सराहा गया। कार्यक्रम में की टीम के रुप में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सैफ सिद्दीकी व साक्षी सिरारी उपस्थित रहें।